

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा, 14 करोड़ बढ़कर 642.63 अरब डॉलर

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



औद्योगिक उत्पादन ने पकड़ी रफ्तार, फरवरी में कोर सेक्टर में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि

वर्ष-60 › अंक -89 रायपुर रविवार 31 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


### कर्पूरी ठाकुर, नरसिम्हा राव, स्वामीनाथन, चौधरी चरण सिंह दिवंगत नवाजे गये भारत रत्न से

## 5 हस्तियां राष्ट्रपति के हाथों भारत रत्न से सम्मानित

**मोदी ने याद दिलाए सबके योगदान**

**एजेंसी।** पीएम मोदी बोले, ÷चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है।÷



कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ, स्व स्वामीनाथन की पत्नी मीना, चौधरी चरण सिंह के बेटे जयंत और नरसिम्हा राव के बेटे प्रभाकर (बाएँ से दाएँ) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों 'भारत रत्न' सम्मान ग्रहण करते हुए

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार (30 मार्च, 2024) को 4 हस्तियों को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, हरित क्रांति के जनक स्व स्वामीनाथन, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने ये सम्मान ग्रहण किया। स्वास्थ्य कारणों से पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके घर जाकर राष्ट्रपति ये सम्मान देंगी। 96 वर्षीय दिग्गज नेता आजकल सार्वजनिक या निजी कार्यक्रमों में नहीं दिखते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामीनाथन को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने के बाद कहा, ÷कृषि जगत की एक सम्मानित हस्ती डॉ एमएस स्वामीनाथन को अनुवांशिकी और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में अनुसन्धान एवं अग्रणी कार्यों के लिए जाना जाता है। खाद्य उत्पादन में संघर्ष कर रहे भारत को उन्होंने आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्हें 'भारत रत्न' दिया जाना कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में लोगों को अनुसन्धान करने के लिए प्रेरित करे!÷ वहीं दिवंगत कर्पूरी ठाकुर की तरफसे ये सम्मान उनके बेटे व राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने ग्रहण किया। पीएम मोदी ने कहा, ÷कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' एक ऐसी विभूति को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। जननायक को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है। समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## नरसिम्हा जी ने देश की प्रगति व आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने बड़े पैमाने पर काम किया : मोदी



**एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कर्पूरी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। बकौल पीएम मोदी, उनको 'भारत रत्न' का सम्मान हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है। वहीं दिवंगत PV नरसिम्हा राव की तरफसे भी उनके बेटे पीवी प्रभाकर ने ये सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ग्रहण किया। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लिए दिवंगत पीएम ने जो किया है उसे पूरे देश मानता है और उन्हें ये सम्मान मिलना गर्व की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि PV नरसिम्हा राव ने हमारे देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। बकौल पीएम मोदी, उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है, उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं दिवंगत चौधरी चरण सिंह की तरफसे उनके पोते और RLD के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने ये सम्मान ग्रहण किया। जयंत चौधरी हाल ही में NDA का हिस्सा बने हैं और सपा का दामन छोड़ा है।

### कहीं नहीं जाएंगे पशुपति पारस, सारी अटकलों पर लगाया ब्रेक, बोलें- पीएम मोदी हैं हमारे नेता

**एजेंसी ।**



पशुपति पारस ने साफ कर दिया है कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं, वह एनडीएन में ही रहेंगे. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारी पार्टी रालोजपा एनडीए का अभिन्न अंग है. प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी हमारे भी नेता है और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है एवं उनके नेतृत्व में एनडीए पूरे देश में 400+ सीट जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी. आपको बता दें कि कुछ दिन पहले पशुपति पारस ने अपने सोशल अकाउंट ट्विटर से 'मोदी का परिवार' को हटा दिया था।

## गृह मंत्रालय ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ CBI जाँच की अनुमति दी



**एजेंसी।** जहाँ एक तरफशराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ED की गिरफ्त में हैं, वहीं अब पूर्व मंत्री व AAP नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने CBI जाँच की अनुमति दे दी है। ये फैसला ऐसे समय में आय है, जब विपक्षी नेता रामलीला मैदान में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोधी प्रदर्शन करने वाले हैं। सत्येंद्र जैन के खिलाफ ताज़ा कार्रवाई 'प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट' के तहत की गई है। मामला 10 करोड़ रुपए की रंगदारी से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि उन्होंने जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपए की वसूली की।

सुकेश चंद्रशेखर का नाम अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस से जुड़ा था। साथ ही वो शराब घोटाले में भी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दे चुका है। वसूली के समय सुकेश चंद्रशेखर तिहार जेल में बंद था। उप-राज्यपाल (LG) VK सक्सेना ने पिछले ही महीने इस मामले की जाँच CBI से कराए जाने की सिफारिश केंद्र को भेजी थी।

सत्येंद्र जैन को मई 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। रविवार (31 मार्च, 2024) को दिल्ली के रामलीला मैदान में I.N.D.I. गठबंधन की रैली होनी है, जिसके लिए चुनाव आयोग से उन्हें अनुमति भी मिल गई है। इसमें कई बड़े विपक्षी नेता शामिल होंगे। उधर अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने एक व्हाट्सएप्प नंबर लॉन्च कर के 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान जारी किया है और अपने पति को सच्चा राष्ट्रभक्त बताते हुए उनकी तुलना स्वतंत्रता सेनानियों से की है।

### पूर्व हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने फाइल की चार्जशीट



रांची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के बड़गाईं अंचल में 8.46 एकड़ जमीन के घोटाले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफरांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में शनिवार को चार्जशीट फाइल कर दी। सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन आज पूरे हो गए। नियमत: किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट फाइल करना अनिवार्य होता है। ईडी की टीम एक ट्रंक में चार्जशीट के कागजात लेकर शाम करीब 4.20 बजे रांची कोर्ट पहुंची। ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कुल 5,500 पन्नों में चार्जशीट फाइल की है। इसमें मनीलॉन्ड्रिंग में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया है।

## योगी ने देश की महान विभूतियों को सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मिलने पर जताई खुशी

**नईदिल्ली,एजेंसी**



राष्ट्रपति भवन में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को देश की कई महान विभूतियों को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम नरसिंह राव, उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, सवामीनाथन और बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर श्वक भारत रत्न से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन सभी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर की है।

सीएम योग आदित्यनाथ ने चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत 'भारत रत्न' दिए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने लिखा ÷देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेत एवं खलिहानों से होकर जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया गया 'भारत रत्न' सम्मान राष्ट्र के नव-निर्माण में उनके असाधारण योगदानों का अभिनंदन है। गांव, गरीब, वंचित, शोषित और अन्नदाता किसानों के समग्र उत्थान को समर्पित चौधरी साहब के अविस्मरणीय कार्यों ने भारतीय राजनीति को उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित किया।

### मुख्तार अंसारी सुपुर्द-ए-ख़ाक,कालीबाग कब्रिस्तान में मौजूद रहे परिजन



**लोकशक्ति** गाजीपुर. गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से हो गई. पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्तार की हृदय गति रुक गई, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई. मुख्तार के शव को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच गाजीपुर स्थित उसके पैतृक गांव मोहम्मदाबाद लाया गया. आज उसके शव को रीति रिवाज के साथ सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया. इस मौके पर मुख्तार के बेटे उमर अंसारी के अलावा परिवार के अन्य सदस्य और परिजन भी मौजूद रहे।

### केजरीवाल की पोल : दिल्ली जल बोर्ड में हुए घपले का बताया एक-एक पहलू



**नई दिल्ली** प्रवर्तन निदेशालय ने आज दिल्ली जल बोर्ड केस में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें एक कंपनी और 4 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड ने ठेका देने में भ्रष्टाचार किया। घूस की रकम आम आदमी पार्टी को इलेक्शन फंड के तौर पर दी गई।

8000 पन्नों की चार्जशीट में 140 पेज ऑपरेटिव पार्ट है। जानकारी के मुताबिक NBCC के अधिकारी ने जो सर्टिफिकेट जारी किया है उसी के आधार पर हृयत्न कंपनी को टेंडर मिला था। ईडी का दावा है कि NBCC के रिकॉर्ड में हृयत्न के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ईडी ने कहा है कि जगदीश अरोड़ा, अनिल अग्रवाल, तजेंद्र सिंह चार्टेड अकाउंटेड हैं जो जगदीश अरोड़ा का करीबी है। मित्तल NBCC के अधिकारी हैं। मित्तल ने NKG कंपनी को फर्जी दस्तावेज मुहैया कराया था। ईडी के मुताबिक दिल्ली जल बोर्ड ने हृयत्न को 38 करोड़ का टेंडर दिया, जिसके 24 करोड़ रुपए पहले जारी किए गए। ईडी के मुताबिक, इस घोटाले में दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन चीफ इंजीनियर जगदीश अरोड़ा ने यह बात जानते हुए भी कि कंपनी टेक्निकल एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं करती है, ठेके एमएस एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए थे।

### राजनांदगांव में बीजेपी कार्यकर्ताओं को मिला जीत का मंत्र,

## भूपेश पर बरसे सांसद संतोष, जीतेगा सनातन

**लोकशक्ति। संवाददाता ।**

छत्तीसगढ़ की हाईप्रोफाइल सीट में से एक राजनांदगांव में बीजेपी ने जिले की चार विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं की बैठक ली.इस बैठक में बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव को लेकर जिम्मेदारियां दी.

इस बैठक में प्रदेश संगठन प्रभारी अजय जमवाल,संगठन महामंत्री पवन साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के कई कद्दावर नेताओं ने शिरकत की थी।




**पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर हमला** : इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां जिसे जो कार्य दिया जाता है उसका दायित्व सौंपने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ता.इस बैठक के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधा.

**पूरा दुर्ग और पाटन भी आ जाए तो भी जीतेगा सनातन :**

वहीं बैठक के बाद राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर हमला बोला.संतोष पाण्डेय ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के उस बयान का जवाब दिया जिसमें उन्होंने 375 प्रत्याशियों के मैदान में उतरने की बात कही थी. '' भूपेश बघेल पाटन से 375 लोगों को चुनाव लड़ने के लिए उकसा रहे हैं.पूरा दुर्ग और पूरा पाटन भी उठकर आ जाए तो भी यहां सनातन की जय होगी,राम की विजय होगी।''

### छत्तीसगढ़ : सीआरपीएफजवानों से भरी एंबुलेंस पलटी, ड्राइवर समेत 12 जवान घायल



**लोकशक्ति।**

जगदलपुर. बस्तर जिले के रतेंगा में शनिवार को सीआरपीएफ 188 बटालियन की स्न कंपनी के जवानों से भरी एंबुलेंस पलट गई. हादसे में 12 जवान घायल हुए हैं. 8 जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं, जिनका डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है. 4 जवानों को लोहंडीगुड़ा में ही भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि सभी जवान एंबुलेंस के जरिए लोहांडीगुड़ा से कोंडागांव स्थित कंपनी हेडक्वॉर्टर जा रहे थे. इसी दौरान टर्निंग प्वाइंट और सड़क पर बड़े से गड्ढे में टायर फंसने से एंबुलेंस बेकाबू हो गई और हादसा हो गया. घायलों में मनोहर तिवारी, विश्वजीत रॉय, राजीव बसुमतारी, बप्पा घोष, मंजीत बसुमतारी, तिलक राज, राजकुमार, करेन मशोहारी शामिल हैं।


## घोषणा पत्र जारी करने राजनाथ के नेतृत्व में बनी समिति

**एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी ने राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक चुनाव घोषणापत्र समिति का ऐलान किया है. सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा लगातार तीसरी बार देश की सत्ता में वापसी की तैयारी कर रही है. चुनाव घोषणापत्र पैनल में भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक नियुक्त किया है, वहीं उनके कैबिनेट सहयोगी और व्यापार मंत्री पीयूष गोयल सह-संयोजक होंगे. करीब 97 करोड़ पात्र भारतीय मतदाता 19 अप्रैल से शुरू होने वाले छह सप्ताह और सात चरणों में होने वाले मतदान तय करेंगे कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में कौन सा राजनीतिक दल अगली सरकार बनाएगा.

2014 में 'अबकी बार मोदी सरकार' और 2019 में 'फिर एक बार मोदी सरकार' जैसे नारों के बाद, आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का नया अभियान मंत्र 'अबकी बार 400 पार' तय किया गया है. पीएम मोदी अपने तीसरे कार्यकाल का लक्ष्य तय करने की ओर बढ़ रहे हैं. भाजपा का दावा है कि इस लोकसभा चुनावों में वह 543 सीटों में से 370 सीटें हासिल करेगी. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर चुनाव घोषणापत्र समिति के 27 सदस्यों में शामिल होंगे. इसके अलावा, अर्जुन राम मेघवाल, भूपेन्द्र यादव, विष्णु देव साई, भूपेन्द्र पटेल, शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, वसुंधरा राजे और रविशंकर प्रसाद उन प्रमुख भाजपा नेताओं में हैं जो चुनाव घोषणापत्र समिति के सदस्य होंगे. असम के सीएम भाजपा ने हिमंत बिस्वा सरमा को भी उस टीम का हिस्सा बनाया है जो बीजेपी का चुनावी घोषणापत्र तैयार करेगी।

### आगामी चुनाव की तैयारी तेज



बता दें कि इस चुनाव घोषणा पत्र समिति में जिन लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, ये सभी राजनीति के धुरंधर माने जाते हैं। सभी नेताओं के पास राजनीति का अच्छा अनुभव रहा है और ये कई वर्षों ने राजनीति में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र में बुनियादी सुविधाओं को शामिल करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ये सभी लोग मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र तैयार करेंगे, जिसके आधार पर जनता के बीच जाकर पार्टी वोट मांगेगी।

### जल्द जारी होगा घोषणा पत्र

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और अब पहले चरण के चुनाव में भी ज्यादा दिन शेष नहीं है। पहले चरण के नामांकन पत्र भी दाखिल किए जा चुके हैं। इसके साथ ही सभी दल अपने-अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। एक तरफजहां सभी लोग जनता को लुभाने के भरसक प्रयास में जुटे हुए हैं, तो वहीं भाजपा भी अपनी पूरी तैयारी में है। भारतीय जनता पार्टी जल्द ही अपना घोषणा पत्र भी जारी कर सकती है।

## भारतीय नौसेना ने फिर दिखाई जाबांजी

**एजेंसी।** लुटेरों के चंगुल से छुड़वाया पोत और 23 पाकिस्तानी नागरिक भारतीय नौसेना ने एक बार फिर साहस का परिचय देते हुए न केवल ईरानी पोत को लुटेरों के चंगुल से छुड़ाया, बल्कि चालक दल के 23 पाकिस्तानी सदस्यों को बचा लिया। यह पूरा आपरेशन कई घंटे चला. दरअसल ईरान की अल-कंबर 786 नाम की पोत अरब सागर में मछली पकडने गई थी। इसके चालक दलों में 23 पाकिस्तानी नागरिक थे, तभी अचानक से समुद्री लुटेरों ने हमला कर शिप को हाइजैक कर लिया. नौसेना द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आईएनएस सुमेधा ने एफवी अल कंबर को रोका और बाद में



अभियान में मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल से जुड़ गया। 12 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के बाद समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर होना पड़ा। जहाज में करीब नौ समुद्री लुटेरे सवार थे। घटना के दौरान, ईरानी जहाज सोकोट्रा से 90 एनएम दक्षिण पश्चिम में था। भारतीय नौसेना ने कहा कि हम समुद्री सुरक्षा के लिए राष्ट्रीयता की परवाह नहीं करते। हम समुद्री सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

## रायगढ़ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हुई समन्वयक-सह समन्वयक की नियुक्ति

# राजासाहब रणविजय सिंह जूदेव व पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता बने रायगढ़ लो.स. समन्वयक-सह समन्वयक

लोकशक्ति

रायगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पूर्व सांसदों, सांसदों व वरिष्ठ भाजपा नेताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी है। लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए 11 लोकसभा सीटों पर समन्वयक और सह समन्वयक बनाया है। इसे लेकर किरण देव ने नियुक्ति आदेश जारी किया है। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रध्देय दिलीप सिंह जूदेव जी के भतीजे, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व राज्य सभा सांसद जशपुर के राजा साहब रणविजय सिंह जूदेव को रायगढ़ लोकसभा का समन्वयक एवं भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता को सह समन्वयक नियुक्त करने पर भाजपा





गिरधर गुप्ता, पूर्व प्रदेश महामंत्री

खेमे में अपार खुशी व उत्साह की लहर है। इन दोनों नेता के कुशल मार्गदर्शन, अद्भुत नेतृत्व क्षमता, सामूहिक समन्वय से रायगढ़ लोकसभा एक नई कीर्तिमान स्थापित करते हुए ऐतिहासिक मतों से विजयी होंगे।

उल्लेखनीय है कि जशपुर जिला सहित पूरे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में राज परिवार का एक अलग ही सम्मान है। लोकसभा चुनाव में जूदेव परिवार के पूर्व राज्य सभा सांसद राजासाहब रणविजय सिंह को रायगढ़ लोकसभा चुनाव 2024 का समन्वयक बनाने से निश्चित ही जशपुर सहित पूरे रायगढ़ लोकसभा में समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व समर्थकों में बेहतर तालमेल बनाने में सफलता मिलेगी। आपसी तालमेल जीत के लिए बहुत जरूरी होती है। इस मामले में कांग्रेस से भाजपा बहुत आगे दिखाई दे रही है। तो वही लगातार 3 बार रायगढ़ लोकसभा चुनाव में संयोजक बनकर जीत दिलाने वाले पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता रणनीतिकार के रूप में अपनी लोहा बार बार मनवा चुके है। पूरी रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र को बारीकी से जानने पहचानने व सबका सुनने वाले होने के कारण सभी कार्यकर्ताओं उनका सम्मान करते हुए इनकी हर आदेश का पालन करते है जिसका परिणामस्वरूप जीत सुनिश्चित हो जाता है।

राजासाहब रणविजय सिंह जूदेव व गिरधर गुप्ता के समन्वयक व सह समन्वयक बनने से भाजपा संगठन रायगढ़ लोकसभा में उत्साह का माहौल बन गया है। अब सभी कार्यकर्ता अपने मन की बात व सुझाव बेझिझक कह सकेंगे। जिससे समस्त कार्यकर्ता चुनाव 2024 लक्ष्य पूर्ति के लिए अपनी - अपनी योगदान सुनिश्चित करते हुए ऐतिहासिक जीत दिलाने में अपना योगदान देंगे।

## नामांकन के दूसरे दिन एक अभ्यर्थी ने जमा किया नाम-निर्देशन पत्र

उत्तर बस्तर कांकेर (

। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू हो गई है। आज नामांकन के दूसरे दिन कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए 01 अभ्यर्थी का नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर अभिजीत सिंह के समक्ष कोण्डागांव जिला अंतर्गत फरसगांव तहसील के ग्राम कोनगुड़ निवासी सोनसिंह ने नाम-निर्देशन-पत्र दो प्रतियों में जमा किया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखने की शपथ भी ली।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र (शासकीय अवकाश को छोड़कर) प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल है तथा नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल को होगी। इसी प्रकार नाम वापसी 08 अप्रैल को दोपहर 03 बजे तक ली जा सकेगी।

## खास खबर....

### नाम निर्देशन के दूसरे दिन 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदे

महासमुंद लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन के दूसरे दिन लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए 08 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म खरीदे गए। जिन अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे उनमें रेखराम बाघ ग्राम बकमा बागबाहरा निर्दलीय, कालिया प्रसाद सेठ ग्राम तोरेसिंहा भारत विकास पार्टी, ताम्रध्वज साहू ग्राम पऊवारा दुर्ग इंडियन नेशनल कांग्रेस, मणिक लाल निषाद ग्राम नारी धमतरी निर्दलीय, मुकेश अग्रवाल सरायपाली निर्दलीय, विरेन्द्र चौधरी ग्राम बालसी सरायपाली भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बसंत सिन्हा ग्राम बावनकेरा बहुजन समाज पार्टी व आत्मानवरत्न नयापारा महासमुंद बहुजन समाज पार्टी शामिल है।

### जीवन के लिए रक्तदान अनमोल है, जरूरतमंद को समय पर मिले रक्त : सीएमएचओ



कवर्धा मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज के मार्गदर्शन में डॉ. सतीश शर्मा, आरएमए डॉ. शिवगोपाल परिहार के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहूंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अपने मताधिकार का प्रयोग करना हम सब की जिम्मेदारी और कर्तव्य : कलेक्टर




कवर्धा स्वामी करपात्री जी हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने प्रशिक्षणार्थियों को शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए सभी को कहा गया कि वह अपने क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करें कि वह अपना मताधिकार का प्रयोग करें और मतदान तिथि को आवश्यक रूप से अपने बूत में जाकर लोकतंत्र में मिली जिम्मेदारियां का निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत आज प्रशिक्षण सत्रों का अवलोकन करने आए जिला निर्वाचन अधिकारी महोबे ने प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य के अंतर्गत सौंपे गए दायित्वों का तत्परता पूर्वक पालन करने का संदेश दिया साथ ही सबको शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने शपथ दिलाई।

**कार रैली के द्वारा मतदान करने किया जागरूक :**

इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने कहा की 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के लिए जिले में वोट डाले जाएंगे। हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में हम अपनी भागीदारी निभाए । मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में कवर्धा शहरी क्षेत्र में शिक्षा विभाग के द्वारा कार रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।अपने कारों में मतदाता जागरूकता का बैनर पोस्टर लगाकर नारा देते हुए लोगों को बताया किया गया कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही कहा गया कि जनता का हर एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है और यह हमारी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य है कि हम इसमें भाग ले। ग्राम सांवतपुर की महिलाओं ने कहा हम सब करेंगे मतदान और लोगो को भी करेंगे जागरूक : नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के वॉलिंटियर्स ने ग्राम पंचायत सावतपुर विकासखंड पंडरिया में महिलाओं को मतदान करने की प्रक्रिया बताई तथा कहां की यह हम सब नागरिकों की जिम्मेदारी है के अपने मत अधिकार का प्रयोग करें। जागरूकता अभियान के दौरान आह्वान किया गया कि सभी महिलाएं अपने गांव में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाया गया।

## सांसद पांडेय के घर घुसा चोर, पुलिसकर्मी को चकमा देकर हुआ फरार...

**कबीरधाम ।** राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद संतोष पांडेय के घर में शुक्रवार रात चोरी का प्रयास किया गया। घर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी ने चोर को देख लिया। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए पीछे भागा। चोर जवान को चकमा देकर फरार हो गया। ये पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामला सिटी कोतवाली के शिवाजी नगर का है। इस मामले में कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची हुई थी। थाना से मिली जानकारी अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच किया जा रहा है। पुलिस को शक है कि इस चोरी की वारदात में स्थानीय आरोपी शामिल होगा। क्योंकि, उसे क्षेत्र के बारे में पूरी जानकारी थी। इस कारण से वह मौके से भाग निकला है।

**पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 3 को हिरासत में लिया** इस मामले में पुलिस ने शनिवार दोपहर को तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार दो चोर नाबालिग और एक बालिग है, पूछताछ में आरोपी राजा सारथी पिता संतोष उम्र 19 द्वारा अपने दो नाबालिग साथी के साथ मिलकर सांसद निवास के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग से बिजली तार चोरी करना स्वीकार किया है। जिसे बरामद किया गया है, उक्त तीनों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की जांच पुलिस कर रहीं है।







### गुब्बारे से दिया मतदान करने का संदेश

**एजेंसी।** भारतीय लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता का महत्व बढ़ रहा है और इसके संदेश को पहुंचाने के लिए अनेक नए-नए माध्यम अपनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बेलून ( गैस का गुब्बारा) एक अद्वितीय और प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। यहां, हम बताएंगे कि कैसे बेलून (गैस का गुब्बारा) के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। पिछली बैठक में कलेक्टर व ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ऐसे गुब्बारे स्वीप कार्यक्रम में लगाने के निर्देश दिये थे। बेलून का प्रयोग चुनावी अभियानों में एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में हो रहा है। इसके माध्यम से राजनीतिक दल और चुनावी प्रचारक मतदाताओं तक सीधे संदेश पहुंचा रहे हैं।

## तपती धूप के लू से बचने सीएमएचओ ने दी जानकारी



**सारंगढ़ बिलाईगढ़** ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही ने जिले वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है, इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों में जाकर महुआ संकलन का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर नहीं लेते इस कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जाते हैं। जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओ. आर. एस. की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है और मैदानी स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण के कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर ओ.आर.एस. न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओ.आर.एस. और दवाईयां लेकर प्राथमिक उपचार के पश्चात निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। लू लगना या हीट-स्ट्रोक, खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

**लू के लक्षण :**

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना भूख न लगना बेहोश होना।

**लू से बचने के उपाय :**

धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार :

बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम. से ओ. आर. एस. की पैकेट के लिए संपर्क करें।

### क्या करें- भीषण गर्मी में लू से :

पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी,छाछ आदि का सेवन करें।

## खास खबर

### कलेक्टर ने किया बागनदी चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बार्डर बागनदी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य टीमों को अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे टीमों को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन का समय अवैध शराब, नगद तथा अन्य सामग्री के परिवहन से संबंधित केस सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई से जांच करने कहा। साथ ही संदिग्ध वाहनों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को गुजरने वाले हर गाड़ी की मुस्तैदी से जांच करने और अवैध एवं संदिग्ध परिवहन पर तत्काल कार्रवाई करने के साथ अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकपोस्ट में की जा रही कार्रवाई एवं गाडियों की जांच के लिए रजिस्टर पंजी संधारित करने के निर्देश दिए।

### बस्तर लोस के पुलिस प्रेक्षक ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन के लिए की कलेक्टर से चर्चा

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा हेतु पुलिस प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राम किसुन ने जिला कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के साथ शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। इसके साथ उन्होंने व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनिटरिंग कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यय अनुवीक्षण हेतु बनाये गए दलों से चर्चा करते हुए प्रत्येक व्यय पर कड़ी निगरानी रखने एवं उड़नदस्ता दलों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत से उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर चर्चा करते हुए उनकी स्थिति तथा कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जहां कलेक्टर द्वारा दलों की गयी कार्यवाहियों की जानकारी दी गयी।

### कांग्रेस ने बस्तर को धर्मांतरण का गढ़ बनाया : कश्यप

**जगदलपुर।** भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने शुक्रवार को अपने प्रचार प्रसार को बस्तर विधानसभा के बस्तर मंडल से प्रारंभ किया एवं कुडकनार, घाटकवाली, मुंडा पाल चोकर, मरलेंगा, करमरी, आडावाल, मावलीगुड़ा समेत डेढ़ दर्जन गांवों का दौरा एवं जनसंपर्क किया । कुड़कानार पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया गया।भाजपा की रीति नीति से प्रभावित हो कर 40 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। इसी प्रकार कई गांव में कश्यप ने छोटी छोटी सभाएं की। उन्होंने कहा मै लोकसभा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच आया हूं । अभी 3 माह पहले विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा की सरकार बनी है। दुर्भाग्यपूर्ण इस विधानसभा में भाजपा जीत नही पायी है। मै छोटे से गांव का निवासी आप सभी के बीच मे आया हूं। कांग्रेस सिर्फकांग्रेस लाओ गरीबी हटाओ बोलती रही लेकिन कभी गरीबी नहीं हटायी, छत्तीसगढ़ की जनता ने डॉ रमन सिंह को सत्ता में लाई और उनके कारण ही छत्तीसगढ़ के बस्तर के लोगो को पेट भरने के लिए योजना के तहत चावल मिलने लगा।

# महत्वपूर्ण कार्य के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत : प्रवीण रंजन

राजनांदगांव । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।



व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। अंतर्राज्यीय सीमाओं में अवैध शराब, परिवहन एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन के लिए संवेदनशील चेक पोस्ट में इसके लिए जागरूक रहते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उनके व्यय के रिकार्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपेडिंचर सीजर मानिटरिंग सिस्टम पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने उड़दनस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, वीडियो निगरानी दल, सी-विजिल एवं एमसीएमसी की टीम को सतर्कता, सजगतापूर्वक एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों के लेखा से जुड़े एकाउंटिंग टीम को समन्वित तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कार्रवाई के लिए पुलिस, आबकारी, जीएसटी, आयकर, परिवहन, एफएसटी, एसएसटी एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को भी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह के संदेहास्पद वित्तीय आहरण पर ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। व्यय अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले की सीमाएं मध्यप्रदेश, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले की सीमाएं मध्यप्रदेश के बालाघाट तथा महाराष्ट्र के गोंदिया, राजनांदगांव जिले की सीमाएं महाराष्ट्र जिले के गोंदिया, मोहला -मानपुर-अम्बागढ़ जिले की सीमाएं महाराष्ट्र के गोंदिया एवं गढ़चिरौली से जुड़ी हुई हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसके तहत मतदान केन्द्रों की संख्या 2 हजार 329 तथा 1 सहायक मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। संसदीय क्षेत्र में 16 आदर्श मतदान केन्द्र है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र का वर्ष 2023 में मतदान प्रतिशत 80.56 प्रतिशत रहा है। 85 वर्ष से अधिक आयु के 5 हजार 504 तथा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 17 हजार 344 है।

संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चारों जिलों में कार्य किया जा रहा है और अवैध शराब, ड्रग्स, नगदी एवं अन्य सामग्री पर कार्रवाई की जा रही है। विगत चार माह में लगभग 4 लाख रूपए से अधिक राशि के अवैध शराब परिवहन, मादक द्रव्य पदार्थ तथा अन्य सामग्री की जप्ती की कार्रवाई से प्राप्त हुई है। अंतर्राज्यीय सीमाओं के चेक पोस्ट में लगातार निगरानी की जा रही है। एफएसटी, एसएससी, वीएसटी, वीवीटी एवं सी-विजिल, एमसीएमसी की टीम लगातार कार्य कर रही है।

# 36 अधिवक्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



**रायपुर।** विधि प्रकोष्ठ के संयोजक बृजेन्द्र कुमार गुप्ता, सह-संयोजक असीम कुमार सिंह, संजय शुक्ला एवं अरूण राजपूत, द्वारा आयोजित बैठक में जिला भाजपा कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व भिलाई में महेश वर्मा, जिलाध्यक्ष, बिजेन्द्र सिंह एवं प्रेमलाल साहू महामंत्रीद्वय, योगेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, रामउपकार तिवारी उपाध्यक्ष, विनोद सिंह कोषाध्यक्ष, संजय सिंह प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की उपस्थिति में 36 अधिवक्ताओं का भाजपा प्रवेश एवं सम्मान किया गया ।

नव प्रवेश अधिवक्ताओं के धनविन्दर कौर सैनी, श्रीमती कविता गिरी गोस्वामी, राजेश्वरी साहू, रशिम खण्डेंलिवाल, डाली मेहरा, अनामिका सरकार, शाहिन आरा, सुरूचि पाटनी , प्रभा सिन्हा, उत्तरा देवांगन, नीता साहू, माया डोंगरे, परमेश?वरी दिवाकर, शुभांगी भुयार, अनामिका गुहा राय, विनिता, दुर्जय कुमार दुबे, राजेश्वर शर्मा, नीरज गुप्ता, ओम प्रकाश तिवारी, गणेश साहू, शिव पटेल, गौतम काकडिया, नरेन्द्र सोनी, अमर जी जैन राजेश मेंढे, शिवनारायण कुशवाहा, अनिल पासवान, ओंकारनाथ चौबे, वीरेन्द्र वर्मा, आशेक कुमार वर्मा, मुकेश मेश्राम भास्कर राव, तिरिमलेश अंकित चौहान, प्रहलाद क्षीरसागर, देवेन्द्र चौहान।

इस अवसर में विधि प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश शर्मा, उत्तम चौधरी, मनोज कुमार शुक्ला, विनय कुमार गुप्ता, श्रीमती रमा श्रीवास्तव, कामाछम्मा, एवं अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहें ।

## लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 01 ईनामी सहित 03 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण




**दंतेवाडा।** दंतेवाडा जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की ''पुनर्वास नीति'' के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''लोन वर्राटू'' (घर वापस आईये अभियान) से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर माओवादियों के प्रतिबंधित संगठन सीपीआईएम के भैरमगढ़ एरिया कमेटी में पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष मुन्ना भोगाम उर्फ बुंजवा पिता लक्खू भोगाम (01 लाख ईनामी),फुलगट्टा पंचायत सीएनएम सदस्य रमेश भोगाम पिता स्व गुट्टा भोगाम,मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत रेवाली पंचायत जनताना सरकार सदस्य भीमा कुहड़ाम उर्फ अविनाश कोर्राम पिता देवा कुहड़ाम

ने आज दिनांक 29 मार्च को एसपी के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जायेगा।लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 174 ईनामी माओवादी सहित कुल 685 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# रायपुर ग्रामीण मंडल की बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने दिया जीत का मंत्र



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पूरे जोश के साथ चुनावी रण में उतर गई है। शुक्रवार वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत माना मंडल, रायपुर ग्रामीण मंडल,भनपुरी मंडल और बिरगांव मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जाएजा लिया और कार्य योजनाओं पर चर्चा की।

बृजमोहन अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि,यह लोकसभा चुनाव पिछले विधानसभा चुनाव से अलग है। विधानसभा चुनाव के दौरान यहां कांग्रेस का शासन था। लेकिन अब केंद्र और राज्य दोनो में भाजपा की सरकार है और डबल इंजन सरकार मे छत्तीसगढ़ में विकास के कामों तेजी आई है।

हमारे लिए अनुकूल माहौल है। वहीं कांग्रेस का नाम लेने वाला कोई नहीं बचा है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और घोटाले के कारण राज्य को बर्बाद कर दिया। वहीं जो किसी ने सोचा नहीं था, भाजपा ने वो कर दिखाया हैं। 5 साल की मोदी की गारंटी 3 महीनों में ही पूरी हो रही है। महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह, पक्का मकान, हर घर जल और शौचालय, किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, धान बोनस, प्रति एकड़ 20 हजार रुपए देने वाला कोई है तो मोदी सरकार जो गरीबों को 5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह मुफ्त राशन दे रही है।

युवाओं के लिए अकेले शिक्षा विभाग में ही 33 हजार से ज्यादा भर्तियों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं कांग्रेस काल में सीजीपीएससी में हुए घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन में सभी को न्याय और घोटालेबाजों को उनकी सही जगह जेल भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि, जिसने पहले कांग्रेस को वोट दिया उनके पास अब कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं बचा है। जरूरत है तो कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर उन्हें यह बताने और समझाने की जरूरत है कि भाजपा को वोट देना क्यों जरूरी है। अग्रवाल ने यह भी कहा कि, कांग्रेस ने कोर्ट में हलफनामा देकर प्रभु श्री राम के अस्तित्व को ही नाकार दिया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ निश्चय और इच्छा शक्ति का परिणाम है कि आज करीब 500 सालों के इंतजार के बाद हम अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करने में सफ्ल हो पाए। अब अगर हम भारत को विश्व गुरु देखना चाहते है और रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ को विकसित के विकास के लिए भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाना होगा। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ एकजुट होकर जनता के बीच जाना होगा। और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा।

# लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जन जागरूकता हेतु जज्बे के साथ किया जा रहा कार्य

राजनांदगांव। लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जनजागरूकता हेतु जज्बे के साथ कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में सभी विकासखंडों में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए।




जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम टेड़ेसरा में सबसे कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। उन्होंने ग्रामीणों से लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और ग्रामीण मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाएं। ग्रामीणों को अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। संगोष्ठी में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं सभी जागरूक मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाया गया।

स्वीप संगोष्ठी में कम मतदान के कारणों तथा मतदान बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही लोकतंत्र में संसद के महत्व, सांसद के कार्य क्षेत्र, सांसद की भूमिका, सांसद के कर्तव्य व दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाता, नए वोटर एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने रैली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह एवं राजनांदगांव जिला स्वीप टीम के सभी सदस्य सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, शासकीय सेवक, युवा मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर्स, ग्रामीणजन शामिल हुए।





**एजेंसी।** जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिले के सभी महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा संगोष्ठी, भाषण, गीत, रंगोली, वाद-विवाद, रैली सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को मतदान कराने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''चुनाव का पर्व - देश का गर्व '' के तहत जिले में प्रतिदिन मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान कराने की बात कही। जिले के महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गांवो में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

संपादकीय

## मुख्तार अंसारी : अपराधों से भरी एक ज़िंदगी का अंत

अपराध की दुनिया से राजनीति में आने वाले पूर्वांचल के मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात को दिल का दौरा पड़ने से न्यायिक हिरासत में मौत हो गई। शुक्रवार को तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी सोच के मुताबिक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। मुख्तार अंसारी के बेटे ने आरोप लगाया कि जेल में उनके पिता को धीमी ज़हर देकर हत्या की गई। बहरहाल राज्य सरकार ने अपर जिला मजिस्ट्रेट से कहा है कि वह बंदी मुख्तार अंसारी की मौत की परिस्थितियों की पूरी तरह जांच करके अपनी रिपोर्ट दें। मुख्तार अंसारी बांदा जेल के शौचालय में बेहोश पड़े पाए गए थे, जिसके बाद उन्हें बांदा मेडिकल कालेज के सी.सी.यू में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। मुख्तार अंसारी की मौत के साथ ही उनके आपराधिक जीवन पर पूर्णविराम लग गया है। अपनी जवानी के दिनों में मुख्तार अंसारी क्रॉसकंट्री दौड़ में पारंगत था, लेकिन सत्तर और अस्सी के दशक में उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा और एक गिरोह में शामिल हो गया, जो कोयला, रेलवे निर्माण, कबाड़ की बिक्री, लोक निर्माण और शराब के ठेकों को हथियाने के लिए बाहुबल का इस्तेमाल किया करता था। इसके बाद मुख्तार का गिरोह लोगों से गुंडा टैक्स, वसूली कारोबार और फिरौती के लिए अपहरण जैसे अपराधों को अंजाम देने लगा। गाज़ीपुर, मऊ, वाराणसी और जौनपुर में व्यापारी और अन्य कारोबारी इस गिरोह के नाम से थर-थर कांपते थे।



## फूलों से दो पल, मुस्कुराना सीख लेते है।

आओ उजालों से कुछ सीख लेते है,
ताज़ी हवाओ से उमंगें भर लेते हैं।

जमाने की तमाम बुराई रखे एक तरफ
फूलों से दो पल,मुस्कुराना सीख लेते है।

पतझड़ में पत्तो को समेट देते है किनारे,
सावन की फुहारो से मन भिगो लेते है

कलिओ के साथ दो पल खिल लेते है,
भवरों संग प्रेम गीत गुन-गुना लेते हैं।

कितना विलाप करे जिंदगी का भी अब,
नन्हो संग खिलखिलाना सीख लेते है।

सुरज सुबह उगता, शाम अस्त होता हि है,
उजालों के संग कुछ मौज मना लेते है।


जीवन कभी डाल-डाल कभी पात-पात,
जिंदगी से जीना जिलाना सीख लेते हैं।

संसार में निराशा की गुंजाइश नहीं,
सूरज से कुछ चलो रौशन हो लेते है।

- संजीव ठाकुर



# बेरोजगार युवा नये भारत की ताकत कैसे होंगे?



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत में युवा- बेरोजगारी की दुखद तस्वीर चिन्तनीय है। भारत को युवा-शक्ति का देश कहा जाता है, युवाओं की संख्या, क्षमता और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया जाता और उन्हें विकास का वाहक बताया जाता है, बावजूद इसके अब अगर देश का युवा बेरोजगारी की समस्या का सामना करते हुए अपने सपनों को टूटते-बिखरते देख रहा है तो यह स्थिति एक त्रासदी एवं विडम्बना ही कहीं जायेगी, इसे सरकार की नाकामी ही मना जायेगा। लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी की यह स्थिति मुद्दा क्यों नहीं बन रही है? भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' तैयार की है जिससे उजागर हुए बेरोजगारी के चिन्ताजनक तथ्यों पर गौर करने एवं आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट के निराशाजनक आंकड़े दो तथ्यों को रेखांकित करते हैं-बेहतर भुगतान करनेवाली नौकरियों के आकांक्षी शिक्षित युवाओं को खपा सकने वाली नौकरियों का अभाव और शिक्षा की गुणवत्ता में खामियां जिसके चलते बड़ी तादाद में शिक्षित युवा अब भी नौकरी के मानक को पूरा करने में अक्षम हो रहे हैं। दोनों ही स्थितियां सरकार की नीतियों की खामी को ही सामने ला रही है।

ताजा रपट सरकार की नीतियों, विकास एवं आर्थिक उन्नति की विसंगति को ही उजागर कर रही है। जिसमें बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा होगा? इस अहम रपट में उजागर हुए कुछ विरोधाभासी तथ्यों एवं आंकड़ों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। सोचने की जरूरत है कि नया भारत एवं विकसित भारत बनने के दौर में विकास के रास्ते में बेरोजगारी एवं युवा-सपनों को आकार देने का क्या हल है?

निश्चित तौर पर टेक्नोलॉजी से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च और मध्यम कौशल केन्द्रित नौकरियों में युवाओं ने बेहतर प्रस्तुति दी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में नौकरी की इनसिक्योरिटी अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। क्योंकि युवाओं में बुनियादी डिजिटल लिटरेसी की कमी भी कायम है। इस वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। रपट के मुताबिक, संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ प्रतिशत हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक अनुबंधों के दायरे में आते हैं। ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजीविका से जुड़ी व्यापक असुरक्षा की स्थितियों का युवाओं एवं उनके परिवारों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता होगा। विडंबना यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के साथ घटती आय का सामना कर रहे परिवारों में सीधा असर यह पड़ता है कि बच्चों और खासतौर पर लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।

भारत की चेतना को नया निखार देने का दायित्व युवापीढ़ी पर माना जा रहा है, उनसे बहुत-बहुत आशाएं है आजादी के अमृतकाल में लेकिन युवाओं के साथ बेरोजगारी एवं आर्थिक अभाव का दंश जुड़ा रहेगा तो देश कैसे आगे बढ़ेगा? वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इससे एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि सन् 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। आखिर क्या कारण है कि देश में गरीब और हाशिये के तबकों के बीच दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की दर आज भी उच्च स्तर पर बनी हुई है? आधी-अधूरी शिक्षा और कौशल-विकास के अभाव की समस्या का सामना करते युवा वर्ग की जगह अर्थव्यवस्था में कहां और किस रूप में है? राजनीतिक नारेबाजी में देश में युवाओं की बढ़ती तादाद और ताकत को एक उम्मीद के तौर पर पेश करने में कोई कमी नहीं की जाती है। मगर वादों या घोषणाओं के नीतिगत स्तर पर जमीन पर उतरने की हकीकत कई बार उसके उलट होती है। लगता है राजनेताओं के लिये युवा केवल जीत हासिल करने का माध्यम है। सवाल है कि इस विरोधाभासी स्थिति के रहते विकास की राह कहां पहुंचेगी? कैसे युवा अपनी ऊर्जा एवं क्षमताओं का उपयोग देश विकास में करेंगे? रिपोर्ट के मुताबिक युवा महिलाओं, खासतौर पर हायर सेकेंडरी पास महिलाओं को रोजगार हासिल करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

हाल के वर्षों में कृषि में रोजगार बढ़ा है पर मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी स्थिर है। स्वरोजगार में युवाओं के सामने जटिल प्रशासनिक एवं कानूनी व्यवस्था एक बड़ी बाधा है। जीएसटी की जटिल प्रक्रिया ने व्यापार शुरु करने से पहले ही युवाओं को घुटने टेकने को विवश कर दिया है। इन विरोधाभासी हालातों में विकास परियोजनाओं से ही रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद रहती है। इस क्षेत्र में रोजगार की स्थिरता 2047 तक विकसित भारत बनने के सपने पर पानी फेर सकती है। इसलिए अधिक रोजगार पैदा करने वाली विकास परियोजनाओं को बढ़ाने की चुनौती बरकरार है। हर साल श्रमबल में शामिल होने वाले नए लोग अब बड़ी संख्या में स्वरोजगार और आकस्मिक श्रमिक के रूप में आ रहे है। स्वरोजगार का बढ़ना तो अच्छा संकेत माना जा सकता है पर आकस्मिक श्रमिकों का बढ़ना नहीं। सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह कहकर नई बहस एवं युवा-घावों को गहराने का काम किया है कि 'यह सोचना गलत होगा कि सरकार बेरोजगारी की समस्या को दूर कर सकती है।' उन्होंने कहा कि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाई है और कौशल विकास के प्रयास किए हैं। सरकार ने ये प्रयास रोजगार की स्थितियों की सुधारने के लिए ही किए हैं। रोजगार देना व्यावसायिक क्षेत्र का काम है। सरकार के सलाहकार होने के नाते नागेश्वरन को यह भी समझाना होगा कि नीतियों का लाभ उठाकर आगे बढ़ा व्यावसायिक क्षेत्र यदि अपेक्षित रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रहा है तो सरकार को ही उचित एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। रोजगार सृजन की स्थिति में अपेक्षित सुधार दर्ज नहीं होना सरकार एवं उनके नीति निर्माताओं के लिए चिंता का सबब होना चाहिए। अब जबकि आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, राजनीतिज्ञों को न सिर्फ अपने प्रचार अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति-निर्माण में भी नौकरियां सुनिश्चित करनी होंगी और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षण व प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्राथमिकता देना सुनिश्चित करना होगा।

**यह निजी विचार है।**

# जल संकट पर नये सिरे से चर्चा हो

**पानी आवश्यकता ही नहीं, हमारे प्राणों से जुड़ा है। इसके लिए हम सबकी पहल जरूरी है, अन्यथा आने वाले समय में क्या देश और क्या दुनिया सभी को प्यासा ही गुजर करना होगा।**

**- अनिल प्रकाश**



अब इसमें बहस की जगह तो बची नहीं कि देश में पानी का संकट लगातार बढ़ रहा है। बेंगलुरु, जिसे भारत का सिलिकॉन सिटी कहा जाता है, में ये सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है और वहां ठीक वैसी ही स्थिति पैदा हो गयी है, जैसी कोपेनहेगन में थी, जहां पानी राशन में बिका था। असल में पानी, हवा और मिट्टी के प्रति हमने कभी समझ नहीं बनायी। लेकिन अब जब हालात बिगड़ने लगे हैं, तब हमारी बहस शुरू रही है। पानी हमारे लिए आवश्यक है, इसमें कोई सवाल नहीं है। जल बिन जीवन संभव नहीं है। प्रतिदिन दो से तीन लीटर पानी पीने का तो चाहिए ही। उसके अलावा 135 लीटर पानी की आवश्यकता हर व्यक्ति की है। पर 3.5 करोड़ से अधिक लोग आज इस देश में पानी के अभाव में जी रहे हैं और हमारी आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। करीब 812 करोड़ लीटर पानी का हम प्रतिदिन दोहन कर लेते हैं। ऐसे में सवाल यह भी पैदा होता है कि हमारी पानी की उपलब्धता क्या है।

साल 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तो प्रति व्यक्ति 5,000 क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध था। साल 2021 से 2031 के बीच यह 1,486 से गिरकर 1,367 क्यूबिक मीटर हो जायेगा। इसका अर्थ यह है कि ऐसी कम उपलब्धता के साथ हम पानी के संकट में हैं. चिंताजनक यह भी है कि जितना कम पानी उपलब्ध होगा, उतना ही वह प्रदूषित भी होता चला जायेगा। हमें 4,000 अरब क्यूबिक मीटर पानी जो बारिश की कृपा से मिलता है, उसका हम मात्र 1,100 क्यूबिक मीटर ही उपयोग में ला पाते हैं. अपने देश में 70 फीसदी पानी उपयोग के लिए अयोग्य पाया गया है। यही कारण है कि बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, एक लीटर पानी की बोतल के पीछे तीन लीटर पानी खराब होता है और बोतलें प्लास्टिक प्रदूषण भी पैदा कर रही हैं।

जब इस्तेमाल किया गया भारी मात्रा में गंदा जल नदियों, जलाशयों या अन्य जल निकायों में जायेगा, तो कई बीमारियों को जन्म देगा। साल 2019 में करीब 23 लाख लोग असमय मौत के शिकार हुए थे। जब शहरों में 17 प्रतिशत की दर से आबादी बढ़ रही हो, तो उसी के अनुसार पानी की मांग भी बढ़ेगी और पानी प्रदूषित भी होगा। एक बेहतर आर्थिकी तभी संभव होती है, जब हमारी पारिस्थितिकी भी मजबूत हो। आज शायद कोई भी राज्य ऐसा नहीं है, जहां पानी का संकट किसी न किसी रूप में खड़ा ना हो। बिहार में पहले 1,200 से 1,500 मिलीमीटर बारिश होती थी, जो अब 800 मिलीमीटर रह गयी है। उसमें भी हम कितना पानी संरक्षित करते हैं, यह सवाल भी है। इसी राज्य में करीब 18 जिले ऐसे हैं, जो आर्सेनिक प्रदूषण की चपेट में हैं। यहां पानी की गंदगी के पीछे बहुत बड़ा कारण यहां की नालियां और घरेलू गंदा पानी हैं, जो सीधे नदियों और अन्य जल निकायों में जाकर मिलते हैं। बिहार में वन क्षेत्र भी कम है। यहां नदियां अवश्य हैं, लेकिन उनको सिंचित करने के लिए वन नहीं हैं। हरियाणा में मात्र 2.3 प्रतिशत वन है। यहां भूजल स्तर में कमी बड़ा संकट बन चुकी है।

हमारे देश में मानसून पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत है। इसका संचय करने की व्यवस्था को लेकर सवाल हैं। कैच द रेन, अमृतसरोवर जैसे कार्यक्रम इंगित करते हैं कि सरकार इस पर गंभीर हुई है। लेकिन राज्यों के स्तर पर समुचित सक्रियता नहीं है। यह तो तय है कि आने वाले समय में अगर हम सामूहिक रूप से नहीं जुटेंगे, तो संकट बहुत गहरा हो जायेगा। हमें ऐसी समृद्धि चाहिए, जिसमें विकास के अलावा हवा, पानी और मिट्टी भी हो क्योंकि जीवन सुविधाओं से अधिक आवश्यकताओं पर चलता है। पानी आवश्यकता ही नहीं, हमारे प्राणों से जुड़ा है। इसके लिए हम सबकी पहल जरूरी है, अन्यथा आने वाले समय में क्या देश और क्या दुनिया सभी को प्यासा ही गुजर करना होगा। सबसे जरूरी यह है कि हम प्रकृति के उस रास्ते को भी समझें, जिसके अनुसार हम सबको पानी मिला। मतलब यह कि पानी का स्त्रोत और हमारी बसावट पहले एक साथ होती थी। जहां नदियां या जल निकाय होते थे, वहीं हमारी बस्तियां भी होती थीं क्योंकि पानी ही हमारी हर आवश्यकता की पूर्ति करता था। खेती-बाड़ी जैसी सभ्यता हो या पानी से जुड़े हुए अन्य सभी हमारे कार्य, पानी की सरल उपलब्धता हमारी बसावट का सबसे बड़ा आधार थी। किसी भी तरह की सभ्यता हो, नदियों, पोखरों, तालाबों के चारों तरफ घूमती थी। इनमें प्रकृति की ही सबसे बड़ी भूमिका थी। पर जब से मनुष्य ने अपने हिस्से का योगदान शुरू किया, जिसमें ज्यादा बड़ा हिस्सा उसके अपने ही लाभ और आराम से जुड़ा था, तभी से पानी ने हमारा साथ छोड़ना शुरू किया।

अब देखिए, आज जंगल की तरह उगतीं अपनी बहुमंजिली इमारतों में हम पानी को धरती का सीना छेद कर ऊपर तक ले जाते हैं। लेकिन जिस तरह से सारी दुनिया में और अपने देश में भी, वह दिल्ली हो या चेन्नई हो या अन्य बड़े शहर, भूमिगत जल लगातार घटता चला जा रहा है। यही सबसे बड़ा कारण भी बन गया है कि हम आज क्या शहर और क्या गांव, हर ओर जल संकट की स्थिति पैदा हो रही है। गांव के संकट की बात यह है कि गांव में जो तालाब होते थे या कुएं, उनमें तो पानी घटा ही घटा, साथ में वनों के अभाव ने तमाम तरह की पानी के स्त्रोत को सूखा दिया। इसमें हिमालय के धारों हों या मैदान के तालाब या कुएं, सब कहीं किसी न किसी रूप में आज जल के अभाव में पहुंच चुके हैं। इसलिए अभी हमें नये सिरे से जल चर्चा की आवश्यकता है।

यह राष्ट्रीय चर्चा मात्र सरकारों के बीच में ही सीमित नहीं होनी चाहिए, इसमें घर, गांव और शहर एवं हर व्यक्ति का जुड़ाव आवश्यक है क्योंकि यह यहीं से निर्धारित होना चाहिए कि हम अपनी सीमित आवश्यकताओं को एक तरफ तय करें और दूसरी तरफ हम किस तरह से अपने घर, गांव या शहर में पानी का संचय कर सकते हैं, जिसके लिए इंद्र देवता हमेशा हर वर्ष हमारे बीच में प्रकट होते रहते हैं। यही एक रास्ता है कि हम जल के संकट से अपने को बचा सकते हैं, अन्यथा जिस तरह से पानी घटता जा रहा है, वह हमें नष्ट कर देगा। हमें यह समझना होगा कि पानी के बारे में हाथ पर हाथ धरे निश्चिंत रहने का समय बहुत पहले बीत चुका है। अब कोई भी बहाना, लापरवाही या गलती करने का मौका हमारे पास नहीं है। इसलिए यथाशीघ्र हमें पानी के संबंध में एकजुट होकर सक्रिय होना आवश्यक है। जल के साथ-साथ हवा, मिट्टी, वन, पहाड़ आदि के लिए भी हमें सचेत होना चाहिए। विश्व जल दिवस के अवसर पर हम सभी का यही संकल्प होना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## खास - खबर

### वीडियो निगरानी टीम के लिए दल प्रभारी नियुक्त

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु वीडियो निगरानी टीम का गठन किया गया है। वीडियो निगरानी दल प्रभारी के साथ वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62-पाटन के लिए मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत पाटन सौरभ वाजपेयी को दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके साथ वीडियोग्राफर पुरेन्द्र तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63-दुर्ग ग्रामीण के लिए मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पंचायत उतई राजेन्द्र नायक दल प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री दुष्यंत कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64-दुर्ग शहर के लिए सहायक प्राध्यापक शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई रितेश कुमार नायक को प्रभारी नियुक्त किया गया है, इनके वीडियोग्राफर श्री ईदुल हसन, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65-भिलाई नगर के लिए सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय रिसाली सतीश कुमार गोटा, इनके वीडियोग्राफर गुलशन सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

### आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट दुर्ग के पदम बरडिया अध्यक्ष बने, विनोद गोलेछा महामंत्री

**दुर्ग।** आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट दुर्ग की साधारण सभा विगत दिनों ऋषभदेव परिसर दुर्ग में संपन्न हुई जिसमें सभी पदाधिकारी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिसमें सीए पदम बरडिया अध्यक्ष मनोनित किया गया। विनोद गोलेछा को महामंत्री पद हेतु मनोनित किया गया। उपाध्यक्ष पद हेतु अमृत लोढ़ा,सुरेश कोठारी, मनीष बोथरा का मनोनयन हुआ।कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संतोष दुग्गड को दिया गया। सहमंत्री पद हेतु महावीर लोढ़ा,राजेश मालू , रितेश बुरड़ का नाम सर्वसम्मति से किया गया। अत्यंत हर्ष एवं उत्साह के वातावरण में गुरुदेव ऋषभसागर के निर्देशों का पालन करते हुए संघ के अध्यक्ष महेंद्र दुग्गड ने सर्वसम्मति से तय किए गए नामों को सभा के समक्ष रखा,जिसे सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि से मंजूर कर मनोनयन की प्रक्रिया को पूर्ण किया। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी चुने जाने पर जैन समाज के विभिन्न संघ श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, समरथ जैन संघ, सुधर्म जैन श्रावक संघ तेरापंथ संघ दुर्ग भिलाई, साधुमार्गी जैन संघ के प्रमुख पदाधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारी को अपनी बधाइयां प्रेषित की है।

### सीआईएसएफ आयोजित रक्तदान शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉक्टर जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर एके साहू के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु सीआईएसएफ उतई द्वारा 28 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल प्रभारी और अधिकारी नेहा नलवाया बाफ्ना के मार्गदर्शन में काउंसलर एंथोनी, वरिष्ठ लैब तकनीशियन रोशन सिंह, लैब सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, दिनेश, अमनशील, काजल, पैरामेडिकल छात्र नम्रता, सीआईएसएफ से डॉ. इकबाल और जीवन दीप समिति से प्रशांत डोनगांवकर, दिलीप ठाकुर, सतीश चंद्र सुराणा आदि के विशेष सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया।



## नगर पंचायत सरिया स्टाफऔर बिलाईगढ़ के प्रशिक्षार्थियों ने ली सामूहिक मतदाता शपथ

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नगर पंचायत सरिया कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी और बिलाईगढ़ बीईओ सत्यनारायण साहू के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षार्थियों ने सामूहिक मतदाता शपथ लिया। सभी ने शपथ किया कि ÷हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें 7÷

## मर्चेन्ट मिल विभाग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता।

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मर्चेन्ट मिल विभाग में, मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एम के गोयल के मार्गदर्शन में 29 मार्च 2024 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एम के गोयल ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा, की महात्मा गाँधी जी द्वारा सिखाये गए स्वच्छता के पथ पर चलते हुए मर्चेंट वायर रॉड मिल ने स्वच्छता अभियान का आयोजन किया है। इस स्वच्छता अभियान को आगे भी निरंतर जारी रखना है एवं प्रत्येक व्यक्ति को दृढ़ इच्छा से स्वच्छता को अपने दैनिक दिनचर्या में अपनाकर अपने आसपास के व्यक्तियों को भी इसके लिए प्रेरित करना है।

हम सभी को एकजुट होकर इसके लिए कार्य करना होगा तभी स्वच्छता के उद्धेश्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद मर्चेंट वायर रॉड मिल के कैंटीन एवं श्रम मंदिर के आसपास की सफाई की गई। इस अवसर पर मर्चेन्ट मिल विभाग के अनुभाग प्रमुख, महाप्रबंधक हरिरमानी, सहायक महाप्रबंधक रमाकांत गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी डी के पटेल एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्रीष्म ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अभिनव पहल

संवाददाता।

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं डॉ. जेपी मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान लू, उल्टी-दस्त, पीलिया, तथा वेक्टर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया के रोकथाम व बचाव हेतु समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों तथा शहरी खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों, मैदानी स्तर के ए.एन .एम., स्टाफ नर्स, एम.पी.डब्लू, मितानिनों को निर्देशित कर तैयारियां की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत जिले के महामारी संभावित ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें कुल 31 (विकासखंड पाटन-16, निकुम-03, धमधा-12) ग्राम/क्षेत्र शामिल हैं। महामारी से संबंधित राज्य से प्राप्त दिशा निर्देश अनुरूप सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के विभाग प्रमुखों एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को उक्त ग्राम/क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने हेतु एवं संक्रामक बीमारियों को आईएचआईपी ऑनलाईन पोर्टल में रियल टाईम डाटा एंट्री किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। रैपिड रिस्पांस टीम जिला स्तर पर 01 एवं विकासखंड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर 38 टीम गठित हैं, कुल टीम की संख्या 39 है। उपलब्धता एवं जलस्त्रोतों का शुद्धिकरण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

प्रत्येक ग्राम/बसाहट के पेय जल स्त्रोतों की पहचान तथा मानचित्रीकरण कराने एवं नियमित रूप से जलशुध्दि्करण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आम दिनों में कुओं में सप्ताह में एक बार ब्लीचिंग पाउडर डलवाने तथा जल जनित संक्रामक रोगों के प्रकोप होने की स्थिति में प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्र के हर कुएं का ब्लीचिंग पाउडर से जलशुद्धिकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

## प्लेट मिल विभाग ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर रचे नये कीर्तिमान

संवाददाता।

भिलाई। 29 मार्च 1983 को प्रथम प्लेट रोलिंग करने के पश्चात् राष्ट्र को समर्पित भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने नित नई उचांईयो को प्राप्त करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किया हैं। 29 मार्च 2024 को प्लेट मिल ने प्रथम पाली के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रतिबद्धता व सहयोगी विभाग आरसीएल, पीपीसी, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के सहयोग से एक ही पाली में 435 स्लेब की रिकॉर्ड रोलिंग करके, 23 अक्टूबर 2023 को 422 स्लेब की रोलिंग के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है।

साथ ही प्रथम पाली में 2630 टन की रिकॉर्ड रोलिंग टनेज कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके पूर्व 21 अक्टूबर 2014 में 2623 टन रोलिंग टनेज का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था।




इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स)अंजनी कुमार ने प्लेट मिल पहुँचकर, प्लेट मिल बिरादरी को स्थापना दिवस एवं एक ही पाली में रिकॉर्ड रोलिंग के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी। प्लेट मिल के स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन, मिल के प्रवेश द्वार के सम्मुख हुआ, जहाँ प्लेट मिल द्वारा निर्मित प्रथम प्लेट रखी हुई है। इस अवसर पर, अंजनी कुमार ने इसी प्रथम प्लेट के समक्ष केक काट कर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि इस तरह के नये कीर्तिमान बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। जिसमें सुरक्षा, गुणवत्ता व समयबद्धता सर्वोपरि हो।

मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे ने कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार के दिशा-निर्देशों व सहयोग के लिये, प्लेट मिल बिरादरी के साथ-साथ सभी सहयोगी विभागों को धन्यवाद दिया।

जिनके कारण प्रथम पाली में 435 स्लेब व 2630 टन रोलिंग सम्भव हो सकी। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दास गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एण्ड यू) श्री असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक (पीपीसी) तुषार कान्त, मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) सुधीर कुमार, महाप्रबंधक (एसआरएम) तन्मय सेन, ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेफी चेयरमेन नरेन्द्र बंछोर, सचिव (ऑफिसर्स एसोसिएशन) परमिन्दर सिंग व यूनियन प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंग सहित प्लेट मिल के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सम्पत्ति कर जमा करने की कल है अंतिम तारीख

### 1 अप्रैल से लगेगा 18 फीसदी अधिभार और 1000 शास्ती शुल्क

संवाददाता।

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने नागरिकों की सुविधा के लिए सम्पत्ति कर, भूभाटक एवं करों के भुगतान के लिए अवकाश के दिनों में भी टैक्स काऊंटर को खुले रहेंगे।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम मुख्यालय सुपेला में सम्पत्तिकर, भूभाटक, जल कर, दुकान किराया की राशि जमा करने के लिए अलग से काऊंटर स्थापित किया है। जहाँ नागरिक अपने भवनों के सम्पत्तिकर राशि का गणना करवा कर माँग अनुसार राशि



जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। उसी प्रकार सभी जोन कार्यालय नेहरूनगर, वैशाली नगर, मदर टेरेसा नगर, शिवाजी नगर, खुर्सीपार में भी टैक्स जमा करने हेतु काऊंटर खुले है। निगम को देय करों के भुगतान की आनलाइन सुविधा भी नागरिकों के लिए प्रारंभ की गई है। वेबसाईट https//Chhattis hgarhmu-nicipal.com/ nagarnigam/citizen/ के माध्यम से नागरिक घर बैठे निगम के करों का भुगतान कर सकते हैं। ज्ञात हो कि 31 मार्च के बाद सम्पत्तिकर पर 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रूपये शास्ति शुल्क की राशि अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निगम प्रशासन ने भिलाई निगम क्षेत्र के भवन मालिकों से अपील किया है कि सम्पत्ति कर राशि का भुगतान 1 अप्रैल से पूर्व कर लें ताकि अधिभार तथा शास्ति शुल्क की राशि के भुगतान से बच सकें।

## मर्चेंट मिल ने एंगल उत्पादन में स्थापित किया नया कीर्तिमान

संवाददाता।

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल ने 28 मार्च 2024 को 75 ग 75 ग 6 मिमी आयाम और प्रोफाइल में 2,005 टन एंगल को रोल करने का एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो 4 फरवरी 2024 को इसी प्रोफाइल में उत्पादित 1,910 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ से अधिक है।

विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए विभिन्न आयामों में एंगल् और चैनल सहित उत्पादों की लाइट स्ट्रक्चरल रेंज तैयार करने के अतिरिक्त, मर्चेंट मिल टीएमटी बार के हाई कोरोजन रजिस्टेंस एचसीआरएम ग्रेड, टीएमटी बार में 550 डी ग्रेड, टीएमटी (एसईक्यूआर-550 डी) और टीएमटी (एफई-500डी) सहित कई स्पेशल वैल्यू एडेड स्टील ग्रेड की भी रोलिंग करता है। उल्लेखनीय है कि मर्चेंट मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक की अवधि के दौरान 6.07 लाख टन टीएमटी बार और लाइट स्ट्रक्चरल उत्पादों का उत्पादन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज उत्पादन से अधिक है।

## मतदाता जागरूक अभियान: एक किलोमीटर लंबी बाइक रैली, मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने दिया संदेश

संवाददाता।

रिसाली। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागृत करने नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा के नेतृत्व में बाइक रैली शुक्रवार को निकाली गई। 300 से अधिक बाइक सवार समेत अन्य वाहन सवार ने आम नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप दुर्ग के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन व दुर्ग ग्रामीण के ए.आर.ओ. मुकेश रावटे विशेष रूप से उपस्थित थे।



7 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली। रैली में शामिल वाहनों में अवश्य मतदान करे का फ्लैक्स लगाया गया था। आयुक्त के नेतृत्व में निकाली गई रैली में 300 से ज्यादा बाइक, जागरूकता रथ के अलावा 100 से ज्यादा मतदाता जागरूकता नारे लिखे जन स्वास्थ्य विभाग के वाहनों को शामिल किया गया। रैली निगम मुख्य कार्यालय से निकली, और कल्याणी मंदिर,लक्ष्मी नगर, रिसाली बस्ती, श्याम नगर, आशीष नगर, प्रगति नगर होते हुए रिसाली सेक्टर समेत लगभग 13 वार्डो में भ्रमण करते वापस दशहरा मैदान रिसाली पहुंची।

### रैली में जवान हुए शामिल

रैली में बी.एस.एफ और सी आई एस एफ के 50 से अधिक जवान के अलावा 100 आगनवाड़ी कार्यकर्ता, साहिका शामिल हुई। इस दौरान सभी मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखे टी शर्ट, कैप पहने थे और हाथों में नारा लिखा तख्ती लिए हुए थे।

### बनाई श्रृंखला

समापन अवसर पर दशहरा मैदान में रैली में शामिल लोगों ने मतदान करने का संदेश दिया। मतदान करने मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला बनाते स्वीप दुर्ग का स्लोगन लिखा। इसके बाद मतदान करने के लिए संकल्प भी लिया।

*स्वीप रिसाली के तहत दुर्ग लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागृत करने जिला स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शुक्रवार को दो घंटा से ज्यादा समय तक बाइक से वार्ड भ्रमण किया गया।अंत में निर्भीक मतदान के लिए शपथ और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया।*

***मोनिका वर्मा***
*आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली*

## नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की शानदार शुरुआत



**भिलाई।** नेशनल साइकिल पोलो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शनदार शुरुआत की है। प्रतियोगिता के पहले ही मैच में छत्तीसगढ़ की सब जूनियर से लेकर महिला व सीनियर टीम ने अपने पहले मुकाबले जीत लिए हैं। इस जीत के साथ ही छत्तीसगढ़ की टीमों ने प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया है।

भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार बताया कि भारतीय साइकल पोलो महासंघ द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में 44वी सीनियर पुरुष, 42वी जूनियर बालक, 38वी सब जूनियर बालक तथा 24वी सीनियर महिला चैंपियनशिप का आयोजन 28 से 30 मार्च किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ की प्रत्येक वर्ग ने शानदार शुरुआत की हैं। आयोजन के पहले दिन ही पहला मैच सीनियर पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ व जम्मू कश्मीर में मध्य खेला गया। यह मैच छत्तीसगढ़ की टीम ने 0 के मुकाबले 9 गोल कर आसान जीत हासिल की।

इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ व केरल हाई कोर्ट के मध्य मैच खेला गया। इस मैच में छत्तीसगढ़ के जूनियर बालकों ने 5-0 से जीत दर्ज की। जूनियर बालकों का दूसरा मैच केरल के साथ हुआ। इस मैच में भी छत्तीसगढ़ के बालकों ने शानदार खेल दिखाते हुए 11-0 से जीत हासिल की।

इसी कड़ी में सीनियर महिला टीम ने भी अपना पहला आसानी से जीत लिया। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ और केरल हाई कोर्ट के बीच मैच हुआ। इस मैच में छत्तीसगढ़ ने 6-1 जीत दर्ज की। इसी प्रकार सब जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने केरल हाई कोर्ट टीम को 4-0 से हराया।

# भाजपा के सांसद नही आते नजर : शिव डहरिया पामगढ़ क्षेत्र के गांवों में किए जनसंपर्क

**जांजगीर चांपा /** चार बार से इस लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सांसद चुनकर आते हैं , जो चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की गांवों में दिखते नही और न ही विकास की कोई काम करते हैं । उक्त उद्गार गत दिवस कांग्रेस प्रत्याशी डा . शिवकुमार डहरिया ने पामगढ़ क्षेत्र की गांवों में जनसंपर्क के दौरान ब्यक्त किए । आगे उन्होने कहा कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मुझे अवसर देंगे तो मैं निरंतर क्षेत्र विकास के लिए आप लोगों के साथ मिलकर काम करूंगा । ज्ञात हो कि जांजगीर लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ शिव कुमार डहरिया का सतत जन आशीर्वाद संपर्क अभियान जारी है, जांजगीर लोकसभा के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में डहरिया के प्रति जबरदस्त उत्साह और समर्थन देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में पामगढ़ विधानसभा अंतर्गत भैसो,सेमरिया,जेवरा, कोसीर में आम जन का डहरिया के प्रति काफी लगाव देखा गया। दौरा के अंतिम कार्यक्रम तहत तीन दिवसीय सतनाम मेला ससहा धाम पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास जी के जय स्तंभ पर पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया,एवम झंडारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों लोगो की भारी भीड़ एकत्रित रहे ।

इस अवसर पर विधायक अकलतरा राघवेंद्र सिंह , पूर्व विधायक पदमा घनश्याम मनहर ,रवि भारद्वाज, ,रामकुमार पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह , ब्लॉक अध्यक्ष नवल सिंह, हरप्रसाद साहु , द्वारिका यादव , जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा ,घासी राम चौहान, कल्याण बर्मन , घनश्याम साहु , मुन्ना यादव , ओंकार रायसागर , आकाश यादव , ब्लाक युवक कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ,ऊदल कश्यप सहित हजारों कार्यकर्ता क्षेत्रवासी शामिल रहे।

**दोनों मिलकर करेंगे क्षेत्र विकास= शेषराज**

इस दौरान सभा संबोधन में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने कहा कि जिस तरह आप सभी ने मुझ पर भरोसा कर विधायक चुना है , उसी भरोसे पर भैया शिव डहरिया को सांसद बनाए तब हम दोनो मिलकर क्षेत्र की विकास करेंगे ।

**सेवादल टीम रहे मौजूद = गांवों की** जनसंपर्क अभियान में जिला कांग्रेस सेवादल की टीम साथ रहे और जोशीले नारों के साथ चलते रहे जिसमें जिलाध्यक्ष देवकुमार पांडेय , महासचिव सत्यप्रकाश सिंह मुन्ना , दिनेश सिंहानी , जांजगीर ग्रामीण अध्यक्ष अशोक यादव ,शहर अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता , जिला सचिव होरीलाल कश्यप , धनीराम विश्वकर्मा शामिल थे



# मनका दाई मंदिर चोरी का हुआ खुलासा : उड़ीसा से पकड़े गए चार चोर

## दो हुए फरार आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**जांजगीर चांपा/**

मनका दाई मंदिर खोखरा में हुई चोरी का खुलासा हो गया है , जिसमें पुलिस ने चार चोर को उड़ीसा से पकड़ लिया है जबकि फरार दो की तलाश जारी है । उक्ताशय का खुलासा आज प्रेस वार्ता आयोजित कर किया गया , जिसमें बताया गया कि प्रार्थी हनुमान राठौर निवासी ग्राम खोखरा थाना जांजगीर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 15. 16 मार्च के दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा मां मनका दाई मंदिर के परिसर से दान पेटी के अंदर रखा नगदी रकम लगभग 1 लाख रूपया एंव चांदी का लोटा एंव डालडा कर करधन को चोरी कर ले गये है । उक्त रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 239/2024 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।

मंदिर की हुयी दान पेटी चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए श्री विवेक शुक्ला (भा.पु. से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन में एवं श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा के मार्ग दर्शन में आरोपियों की पतासाजी हेतु सायबर टीम/थाना जांजगीर स्तर से टीम गठित किया गया, जिसके द्वारा लगातार अज्ञात आरोपियों एवं चोरी गयें मशरूका की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान विवेचना तकनीकी



जानकारी के आधार पर संदेहियों को बरगढ़ (उड़ीसा) में होने की जानकारी प्राप्त हुई और प्रकरण में चोरी गई माल मशरुका बरामदगी एंव संदेहियों के पतासाजी हेतु बरगढ़ (उड़ीसा) मय गवाहन के रवाना होकर संदेहियों मेघु बिसर निवासी बोंदा थाना बरहागुडा जिला बरगढ़ (उड़ीसा) , शिव लाल बेहरा निवासी ग्राम सिगिड्?डी थाना बरपाली जिला बरगढ़ (उड़ीसा) , मनोरंजन सेठ निवासी ग्राम कनवर थाना बरपाली जिला बरगढ़ (उड़ीसा) , कीर्ती पंचभया निवासी ग्राम तुरा वार्ड क्रमांक 07 घसिया पारा थाना बरगढ़ टाउन जिला बरगढ़ (उड़ीसा) से पृथक पृथक पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन दर्ज किया गया तब आरोपियो के द्वारा उक्त घटना कारित करना अपना अपना जुर्म स्वीकार कर लिया गया । घटना में प्रयुक्त दो नग मोटर सायकल, 4 पीस काले रंग का नाकाब तथा नगदी रकम 50,700/रु को बरामद कर हिरासत में लेकर थाना जांजगीर लाकर आरोपियों के विरुध्द प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपियों को विधिवित गिरफ्तार कर आज 29 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। प्रकरण के दो अन्य आरोपीगण फरार है जिसकी पतासाजी जारी है मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, साइबर सेल प्रभारी उप. निरीक्षक पारस पटेल, सउनि राम प्रसाद बघेल, प्रधान आर. मनोज तिग्गा, विवेक सिंह आर. गिरीश कश्यप सायबर सेल एवम थाना जांजगीर से प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, राज कुमार चन्द्रा, आर. विरेन्द्र भैना शामिल रहे ।





शिव डहरिया पामगढ़ क्षेत्र के गांवों में किए जनसंपर्क

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष बनी ममता अग्रवाल.........

**जांजगीर चांपा** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति (2024- 2026) का चुनाव 29 मार्च को किया गया ,जिसमें पूर्व अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने सक्रिय महिला सहयोगी ममता अग्रवाल (योगेश जी.जी.)को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया द्य इसके साथ ही सुधा अग्रवाल सचिव एवं किरण गट्टानी को कोषाअध्यक्ष बनाया गया द्य मारवाड़ी महिला समिति के चुनाव में सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में शामिल महिलाओं ने एकमत से सबकी सहमति से चुनाव संपन्न कराया द्य मारवाड़ी महिला समिति ने मनोनीत अध्यक्ष सचिव एवं सभी को बधाई देते हुए होली की भी शुभकामनाएं दिए एवं होली मिलन मनाया।






## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पामगढ़/ शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में पामगढ़ विधानसभा मुख्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली एवं स्कूटी रैली का आयोजन किया गया रैली को बहीदुर्रहमान शाह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किये ।इस रैली में शिक्षा विभाग से छात्र–छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं स्काउट गाइड व्यायाम निर्देशक, राजस्व विभाग से कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी पटवारी गण, पंचायत विभाग से सीईओ ए डि यो एसडीओ पंचायत सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य विभाग के कर्मचारी –अधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे । यह रैली बहोरिक चौक से प्रारंभ होकर डी ए व्ही स्कूल कुटरा बोर तक आयोजित हुई ,तत्पश्चात डी ए व्ही स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ । शपथ एसडीएम वहीदुर्रहमान शाह द्वारा कराया गया ।रैली के आयोजन में मणि शंकर कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़ पुष्पेंद्र कुमार राज नायब तहसीलदार पामगढ़ मनोहर लाल सिंह थाना प्रभारी मोहनलाल कौशिक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी,एनिमा मिश्रा परियोजना अधिकारी डी एल सोनवानी एसडीओ ,गोस्वामी ए डि यो ,राजेश गांधी, संजय पटेल गजेंद्र चौहान ,दिनेश रात्रि, चंद्र मोहन तिवारी ,महेंद्र साहू, श्रीमती सुमन लता यादव ,हेमंत यादव, विनोद भारती, अशोक ठाकुर, सोमनाथ भारद्वाज ,जितेंद्र भारद्वाज, रामलाल कश्यप ,विजय साहू आदि कर्मचारी अधिकारी सहयोग प्रदान किए।



मनका दाई मंदिर चोरी का हुआ खुलासा: उड़ीसा से पकड़े गए चार चोर

# लायंस क्लब व आरकेएच का संयुक्त चिकित्सा परामर्श शिविर 4 को

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आगामी गुरूवार 4 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लायंस स्कूल चांपा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि उक्त शिविर में हृदय रोग एवं पेट रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहकर आने वाले रोगियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। शिविर का लाभ उठाने के लिए अग्रिम पंजीयन के लिए अमित लहरे के मोबाईल क्रं. 8718981665 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज कर भाजपा सरकार ने किया लोकतंत्र को फ्रीज

## जिला कांग्रेस ने निकाला मषाल रैली

**जांजगीर-चाम्पा ।** आयकर विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के बैंक खातों को सील किये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा नियुक्त प्रभारी विवेक सिसोदिया के संयोजकत्व में केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्षन करते हुये नगर के नेताजी चैक से संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल तक मषाल रैली निकाली गई। सैकड़ों की तादाद में उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली सरकार के तानाषाहपूर्ण रवैये के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुये बैंक खातों को सील किये जाने को लोकतंत्र की हत्या बताया। कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार की निंदा करते हुये कहा कि जब से माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गुप्त चुनावी चंदा को असंवैधानिक घोशित किये जाने से तिलमिलाई केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा देष की सबसे प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के सभी बैंक खातों को फ्रीज कर लोकसभा चुनाव में भाग लेने से रोकने की कोषिष की जा रही है। कांग्रेसजनों ने चुनाव आयोग और सुप्रिम कोर्ट जैसे चुनाव को देखते हुये पार्टी के बैंक खातों के संचालन में लगे पाबंद हटाने के लिये दखल देने का




अनुरोध किया है। कार्यक्रम के प्रभारी व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस को वित्तीय रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास करने का आरोप लगाते हुये कहा कि चुनाव में समान अवसर (लेबल प्लेईंग फील्ड) नहीं रह गया है। कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर देष के लोकतंत्र को फ्रीज कर दिया गया है और मुख्य विपक्षी दल के चुनाव लड़ने के रास्ते में डाली जा रही बाधाओं से साफहै कि भारत के दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दावा झूठ है। इंका नेता दिनेष षर्मा ने कहा कि भारत के 20 प्रतिषत लोग कांग्रेस को वोट देते हैं पर किसी भी चीज के लिये रूपये खर्च करने में सक्षम नहीं है चुनाव में हमें कमजोर करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी के इषारे पर यह साजिष रची गई है और कांग्रेस के बैंक खातें फ्रीज करने का मतलब लोकतंत्र को फ्रीज करना है। इंका नेता गुलजार सिंह, देवेष सिंह, रमेष पैगवार, उपाध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने कहा कि चुनावी बांड ने एक तरफ भाजपा को भारी फायदा पहुंचाया है और दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल की वित्तीय क्षमता पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सुनियोजित हमला किया जा रहा है जो अभूतपूर्व है। इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी कांग्रेस अपने चुनाव अभियान को प्रभावी रखने का अपना भरपूर प्रयास कर रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, इंका नेता कमलेष सिंह बाबा, सभापति रामविलास राठौर, महामंत्री षिषिर द्विवेदी, अजा विभाग जिलाध्यक्ष हरदेव टण्डन, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस षर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा षर्मा, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष लोकेष राठौर, जिला संगठक सेवादल देवकुमार पाण्डेय, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष आकाष तिवारी, हीरा उपाध्याय, राघवेन्द्र ब्यास, दिनेष महंत, कमल किषोर साव, भोलू यादव, अधिवक्ता महारथी बघेल, राजा सिद्धिकी, दुश्यंत यादव, चुन्नु थवाईत, अनिल राठौर, परमेष्वर निर्मले, महेष्वर लदेर, इंका नेत्रीगण श्रीमती हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन, मनोरमा, निषा राठौर, पार्शदगण संतोश गढ़ेवाल बोबाई, विश्णु यादव, प्रीतम कष्यप, रामकुमार यादव, अनिल चैरसिया, महेन्द्र कष्यप, रामखिलावन राठौर, राजा बाबू, संस्कार राठौर, नरसिम्हा यादव, जितेन्द्र दिनकर, षक्ति गढ़ेवाल, विक्रम कार्के, हर्श षुक्ला, अमन तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान : छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान कराने की ली शपथ

गरियाबंद कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''चुनाव का पर्व - देश का गर्व '' के तहत जिले में प्रतिदिन मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिले के सभी महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा संगोष्ठी, भाषण, गीत, रंगोली, वाद-विवाद, रैली सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को मतदान कराने की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता शपथ लेकर कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान कराने की बात कही। जिले के महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गांवो में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

उल्लेखनीय है कि मतदाताओं को शत प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करने विभिन्न माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया जा रहा।



## खास खबर...

### एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव बने छत्तीसगढ़ के हनी बग्गा

**रायपुर।** एआईआईसीसी ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव और सचिव की सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार 29 लोगों को नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं छत्तीसगढ़ से एनएसयूआई के नेता हनी बग्गा को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की अनुशंसा पर एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिवों की सूची जारी की है। इस सूची में 29 लोगों को नई जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ से एनएसयूआई के छात्र नेता को एआईआईसीसी ने राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी है।

बता दें कि छत्तीसतगढ़ के छात्र नेता हनी बग्गा लगातार 12 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं। साल 2012 में हनी परमीत बग्गा प्रगति कॉलेज में कॉलेज अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। इस दौरान बग्गा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय चुनाव में एनएसयूआई प्रत्याशियों को प्रभारी रहते जितवाया और विश्वविद्यालय में छात्र संघ का अध्यक्ष बनाया है। बग्गा लंबे समय तक रायपुर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वह 2 वर्षों से राष्ट्रीय संयोजक के रूप में काम कर रहे थे। एनएसयूआई का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने बाद छात्र नेता हनी बग्गा ने लाइव हिंदुस्तान से बात करते हुए कहा कि मै लगातार 12 सालों से संगठन के लिए कार्य कर रहा हूं। इस बीच मुझे एनएसयूआई ने कई बड़ी जिम्मेदारी दी है। आज देश के सबसे बड़े छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से मुझे राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिली है।

### छुट्टी के दिन भी लिए जा रहे हैं ओटीएस के आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों की सुविधा के लिए ओटीएस के आवेदन छुट्टी के दिन भी लिए जा रहे हैं। इसके तहत 30 और 31 मार्च की शासकीय अवकाश के दिन भी आवेदन लिए जाएंगे। राज्य शासन ने वैट के पुराने बकाया के एकमुश्त निपटारे के लिए छत्तीसगढ़ बकाया कर ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम (ओटीएस) के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि को सरकार द्वारा 31 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मार्च माह के अंतिम 3 दिन (29, 30 और 31 मार्च) लगातार शासकीय अवकाश है, इससे कई व्यापारी/करदाता आवेदन करने से वंचित न हो, इसको देखते हुए राज्य कर आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर सभी संभाग वृत्त कार्यालयों में कर्मचारियों की ड्यूटि विशेष रूप से ओटीएस के आवेदन प्राप्त करने के लिए लगाई गई है, जिससे शासन की योजना का लाभ लेने किसी बकायेदार को वंचित न होना पड़े।

मंगवाई माफी व समझाईश देकर छोड़ा, यातायात पुलिस ने की लोगों से अपील कहा स्टंटबाजी करने वालों पर रखें नजर

# राजधानी में स्टंटबाजों पर पुलिस की सख्ती : 10 बाइकर्स पर की कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इन दिनों स्टंटबाज बाइकर्स गैंग का खतरा है। राजधानी की सड़कों पर स्टंट करते तेज रफ्तार बाइक सवारों के कारण सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए खतरा पैदा हो जाता है। इसे देखते हुए राजधानी में पुलिस ने ऐसे स्टंटबाजों पर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वायरल वीडियो की मदद से 10 स्टंटबाज बाइकर्स को पकड़ा और माफी मंगवाते हुए उन्ही के स्टाइल में वीडियो वायरल किया।



बता दें राजधानी के नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क पर स्टंट करते कुछ युवाओं ने वीडियो वायरल किया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह बाइकर्स किस तरह तेज रफ्तार से बाइक पर स्टंटबाजी कर रहे हैं। इनकी स्टंटबाजी का वीडियो अपलोड कर एक यूजर ने इन कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद रायपुर पुलिस एक्शन में आई। यातायात विभाग द्वारा बाइक के नंबर के आधार पर 10 बाइकर्स को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी ने स्टंट की बात मानी और ऑन कैमरा लोगों से माफी मांगते हुए दोबारा ऐसा न करने की कसम खाई।

### महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ा खतरा

ये स्टंटबाज तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए मस्ती के मूड में रहते हैं। इन्हें इस बात का अंदाजा नहीं होता कि आसपास से कई महिला और बुजुर्ग भी गाड़ियों से गुजर रहे होते हैं। ये अपनी मस्ती के चक्कर में एक्सीलेटर बढ़ाकर या तो तेज आवाज निकालते हैं या फिर चक्के को ऊपर उठा लेते हैं। जिससे बगल में चल रहा कोई भी व्यक्ति हड़बड़ा कर गिर जाएगा।

### जुर्माना लगाया और समझाइश देकर छोड़ा

पकड़ में आने के बाद यातायात पुलिस ने इन स्टंटबाजों से जुर्माना वसूला। अलग अलग मामलों में 3 से 4 हजार रुपए का जुर्माना काटा। जुर्माना काटने के बाद पुलिस ने इन्हें समझाइश देकर छोड़ा। इन बाइकर्स में कुछ नाबालिग भी शामिल रहे जिनके पैरेंट्स को बुलाकर समझाइश दी गई। रायपुर पुलिस के यातायात विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि सड़कों पर इस प्रकार स्टंटबाजी करने वालों पर नजर पड़े तो इसकी सूचना नजदीकी थाने में यातायात विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर जरूर दें।

### 100 से अधिक की रफ्तार में अचानक ब्रेक मारते हैं

दरअसल ये स्टंटबाज महंगी रेसिंग बाइक को तेज रफ्तार में दौड़ाते हैं। फिर अचानक ब्रेक मार कर पीछे के चक्के को हवा में उठा देते हैं। इसके अलावा ये गाड़ियों को लहराकर भी चलाते हैं। जिससे आसपास से गुजर रहे लोग घबरा जाते हैं, इससे भी हादसे हो रहे हैं।

# बृजमोहन ने शुरू किया मंडलों का दौरा, कार्यकर्ताओं ने भर रहे जोश

## रायपुर लोकसभा के खोरपा मंडल से बृजमोहन ने की मंडलों में दौरे की शुरुवात

**रायपुर।** लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ऐतिहासिक जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी समर में पूरी तरह उतर चुके हैं। भाजपा के अजेय योद्धा कहे जाने वाले बृजमोहन अपने चुनावी कौशल के कारण पूरे प्रदेश में पहले ही चर्चा में रहते हैं।

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के पश्चात से ही बृजमोहन सक्रिय हो चुके हैं और विगत दिनों उन्होंने लगातार भाजपा पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुखों की मैराथन बैठके ली। उन्होंने चुनाव के अगले पड़ाव में रायपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसकी शुरुवात उन्होंने अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल से की बृजमोहन अग्रवाल आज खोपरा मंडल पहुंचे जहां उन्होंने खोरपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुवात में कहा की हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने हेतु परिश्रम करना है, एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बनकर कार्य करना होगा। किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य नतीजे जागरूक मतदाताओं के बल पर आते हैं और हम सभी को सबसे पहले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करना है और इसके लिए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मंडल और बूथ को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

रायपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार और वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के खोरपा मंडल, अभनपुर मंडल, चम्पारण मंडल और नवापारा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली और चुनावी रणनीति के संबंध में उनसे चर्चा की। श्री अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, मतदान के समय तेज गर्मी में लोग घर से निकलने में डरेंगे ऐसे में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। कार्यकर्ताओं को लोगों को समझना होगा कि एक दिन कुछ देर की गर्मी सहन करके वो एक नए भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इसलिए सभी को वोट जरूर देना चाहिए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को पहले से ज्यादा मजबूत किया जाए और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों से मिलें और सशक्त भारत के लिए मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल के फूल को वोट दें। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं को भाजपा के प्रति आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और सरकार के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत लोग न्यूज पेपर और टेलीविजन, रेडियो का इस्तेमाल नहीं करते जिससे भाजपा कमल फूल सरकार के कामों की सही जानकारी नहीं हो पाती। जिसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए वॉल पेंटिंग और सघन जनसंपर्क अभियान चलाएं। जिससे कोई भी मतदाता छूट ने जाए। भाजपा ने युवा, महिला, गरीब, किसान सभी के लिए काम किया है। चाहे वो किसी भी धर्म या वर्ग का हो। ऐसे में लोगों के पास कांग्रेस को वोट देने के लिए कोई कारण नहीं है। बैठक में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्र शेखर साहू, रायपुर लोकसभा प्रभारी अशोक बजाज, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, मंडल अध्यक्ष अभनपुर अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नवापारा उमेश यादव, मंडल अध्यक्ष खोरपा पारसमणी साहू, मंडल अध्यक्ष चम्पारण नारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, नेहरू लाल साहू, खेलू राम साहू, रवि आर्य वर्मा, देवकी साहू, अश्वनी साहू समेत विभिन्न पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ननि रायपुर ने की 260 करोड़ की रिकॉर्ड राजस्व वसूली




### नागरिकों को मिली सुविधा से टैक्स भुगतान हुआ सरल

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में वित्तीय वर्ष समापन के अंतिम दो दिवस ही शेष है। नगर निगम ने भवन एव भू-स्वामियों से कहा है अधिभार से बचने सभी करों का भुगतान 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करें। नगर निगम रायपुर ने अब तक 260 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व वसूली कर ली है। यह आंकड़ा आने वाले दो दिनों में 275 करोड़ रुपये से भी अधिक होने की संभावना हैं।

नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस बार देय कर भुगतान के लिए विशेष व्यवस्था की गई ।मोर रायपुर ऐप और नगर निगम की वेबसाइट पर स्वयं से ऑनलाईन भुगतान की सुविधा दी गई। वहीं 70 से अधिक चॉइस सेंटर को राजस्व वसूली के लिए अधिकृत किए जाने के साथ ही समस्त जोन के 110 राजस्व निरीक्षकों को इस कार्य हेतु नियुक्त किया गया । इसके अलावा सभी जोन में एक सदर काउंटर स्थापित कर भुगतान की प्रक्रिया को अत्यधिक सुगम बनाया गया।

नगर निगम के उपायुक्त (राजस्व) श्री आर के डोंगरे के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में 223 करोड रुपए की राजस्व वसूली हुई थी,वहीं इस वर्ष राशि 260 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली निगम द्वारा की जा चुकी है । आने वाले दो दिनों में यह आंकड़ा 275 करोड़ रुपए को पार करने की संभावना है ।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रक्रिया से करों के भुगतान को सरलीकृत होने के कारण लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली नगर निगम ने की है।

# अधिकारियों-कर्मचारियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा

### स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर तथा रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम स्थित अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

आईटी द्वारा कांग्रेस को दिये गये 1823 करोड़ के नोटिस के विरोध में कांग्रेस उतरेगी सड़क पर

# 1823 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस मोदी सरकार की तानाशाही : कांग्रेस



**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी के ऊपर इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रू. जमा करने की नोटिस को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। मोदी को यह पता चल चुका है कि उनके खिलाफ देश में माहौल है उनकी विदाई की बेला नजदीक आ गयी है तो विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया। मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छवि बनाई थी, केंद्र की मोदी सरकार और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व उसके खिलाफ काम कर रही है। भाजपा ने विपक्षी दलों से साधन, संसाधन छीनकर एकाधिकार स्थापित करने का षड्यंत्र रचा है।

दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले का बहाना करके ठीक चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जप्त करना इनकम टैक्स की नोटिस भेजना अलोकतांत्रिक है। तानाशाही मोदी सरकार धन, बल और केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग से विपक्ष को डराने और लोकतंत्र को खत्म करने आमादा है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस विरोध प्रदर्शन

**रायपुर।** भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने विपक्षी दलो का दमन किया जा रहा, विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करने साजिश की जा रही है। पिछले महीने फरवरी में राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। पहले ही आईटी विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं।

लोकतंत्र पर इस गंभीर हमले और महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस पार्टी पर कर आतंकवाद थोपे जाने के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में दिनांक 30 मार्च 2024 को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। साथ ही अगले दिन स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल करते हुए कांग्रेस पार्टी के उम्मीद्वारों के नेतृत्व में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

